# यूपीईएस ने रीच के साथ की पार्टनरशिप

देहरादून (एसएनबी)। यूपीईएस ने भारतीय कला, संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीच (रूरल अन्त्रप्रेन्योरशिप फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज) द्वारा आयोजित वार्षिक विरासत एवं लोक उत्सव 'विरासत' के साथ पार्टनरशिप की घोषणा की है। इसके चलते यूपीईएस के छात्र, फैकल्टी और स्टाफ, उच्च शिक्षारत युवाओं के बीच सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और प्रसार के लिए एकजुट होकर प्रयास करेंगे। यूनिवर्सिटी के अत्याधुनिक एंफीथियेटर, मल्टी एक्टिविटी सेंटर व कैम्पस की अन्य सुविधाओं को पूरे सालभर कला, शिल्प, संस्कृति और पर्यावरण पर केंद्रित आयोजनों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

यूपीईएस और रीच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जाने वाली ऐसी गतिविधि है, जो युवाओं को हिमालयी क्षेत्र का साक्षात अनुभव कराने के साथ-साथ पर्वतराज हिमालय से जुड़ी चुनौतियों से भी उन्हें परिचित कराएगी। यह कार्यक्रम युवाओं को कई बड़ी वैश्विक चुनौतियों से भी अवगत कराएगा। यूपीईएस के वाइस चांसलर डा. राम शर्मा ने कहा कि विरासत के साथ यह गठबंधन, भारत की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने की यूपीईएस की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

संस्थापक रीच आरके सिंह ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन भारतीय युवाओं के लिए संपूर्ण तथा मूल्य आधारित शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रेरित है। यूपीईएस व रीच के एकजुट होने से ऐसी कलात्मक और सौंदर्यपरक संवेदनाओं का संगम होगा, जो देश के सांस्कृतिक परिदृश्य को और समृद्ध बनाएगी। 15 दिवसीय विरासत 15 से 29 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।